Secretariat to Keshavapuram. According to the periodic surveys of DTC the present operations on these routes by and large meet the traffic requirements.

**Sponsoring tele-films in regional Languages**

971. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether there is any provision for sponsoring tele-films in regional languages;

(b) if so, what is the number of such tele-films in regional languages which are being sponsored as on date; and

(c) what is the procedure followed in such cases?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA): (a) to (c) It is open to a Regional Doordarshan Kendra to telecast a sponsored tele film, subject to availability of time and the appropriate committee having found it suitable for telecast. However, no sponsored tele film has so far been telecast by any Regional Doordarshan Kendra.

**प्रधान मंत्री की सुरक्षा पर किया जाने वाला व्यय**

972. **डा. अबरार अहमद खान:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधान मंत्री की सुरक्षा पर वर्तमान में कितना धन खर्च किया जा रहा है तथा इस प्रयोजन के लिए आवंटित किये गये वार्षिक बजट का ब्यौरा क्या है; भूतपूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल के कितने कर्मचारी लगाये गये हैं और इनमें से कितने कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं और कितने बाकी बचे हैं तथा इनको किन-किन स्थानों पर तैनात किया गया है, इन कर्मचारियों को किन-किन विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा में तैनात किया गया है विशेष सुरक्षा बल का वार्षिक बजट क्या है; प्रधान मंत्री की सुरक्षा में कुल कितने कर्मचारी लगाये गये हैं;

(ख) प्रधान मंत्री द्वारा प्रेस को दिये गये इस वक्तव्य कि श्री राजीव गांधी की सुरक्षा का वार्षिक बजट एक करोड़ रुपये है, से संबंधित ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या श्री राजीव गांधी की सुरक्षा के लिए कोई नई भर्तियां की गयी हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

**गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद):** (क) विशेष सुरक्षा ग्रुप, प्रधान मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों को समीपस्थ सुरक्षा प्रदान करता है। विशेष सुरक्षा ग्रुप के अलावा, अन्य एजेंसियां जैसे दिल्ली पुलिस और प्रधान मंत्री के राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के दौरों के दौरान राज्य/संघ शासित क्षेत्र पुलिस अधिकारी भी प्रधान मंत्री को सुरक्षा देने में अन्तर्ग्रस्त है। प्रधान मंत्री और भूतपूर्व प्रधान मंत्री की सुरक्षा में तैनात कार्मिकों के ब्यौरे और सुरक्षा कार्मिकों की तैनातगी के विषय में बताना जनहित में नहीं होगा।

चालू वित्त वर्ष 1989-90 में (28 फरवरी तक) एस.पी.जी. पर 7,91,40,139 रु. का व्यय किया गया जबकि इसके लिए बजट में 8,59,03,700 रु. की व्यवस्था थी। जनवरी और फरवरी, 1990 के महीनों के दौरान एस. पी.जी. कार्मिकों के वेतन दिहाड़ी, यातायात खर्च और एस.पी.जी. के कार्मिकों को इधर से उधर ले जाने पर अनुमानतः 69,85,386 रु. व्यय हुए।